# आरोपों की जाँच करना

**यदि आपको लगता है कि आपके NLRA अधिकारों का उल्लंघन हुआ है, तो आप किसी नियोक्ता या श्रमिक संगठन के खिलाफ आरोप फ़ाइल कर सकते हैं। आप आरोप लगाने के फ़ॉर्म यहाँ पा सकते हैं। कृपया सहायता के लिए अपने नज़दीकी क्षेत्रीय कार्यालय के किसी सूचना अधिकारी से संपर्क करें।**

NLRB को कर्मचारियों, यूनियनों और नियोक्ताओं से हर साल लगभग 20,000 से 30,000 आरोप प्राप्त होते हैं, जो अधिनियम की धारा 8 में बताए गए अनुचित श्रम व्यवहारों में से कई को कवर करते हैं।

हर आरोप की जाँच बोर्ड के एजेंटों द्वारा की जाती है जो साक्ष्य इकट्ठा करते हैं और पक्षों और गवाहों से हलफनामे ले सकते हैं। उनके निष्कर्षों का मूल्यांकन क्षेत्रीय निदेशक द्वारा किया जाता है, और कुछ नए या महत्वपूर्ण मामलों में, वॉशिंगटन डीसी के सलाह प्रभाग में NLRB के वकीलों द्वारा उनकी समीक्षा की जाती है। आम तौर पर, किसी आरोप की योग्यता के बारे में 7 से 14 सप्ताह के भीतर निर्णय लिया जाता है, हालाँकि कुछ मामलों में इससे ज़्यादा समय लग सकता है। इस अवधि के दौरान, अधिकांश आरोपों का पक्षों द्वारा समाधान कर दिया जाता है, आरोप लगाने वाले पक्ष द्वारा वापस ले लिया जाता है, या क्षेत्रीय निदेशक द्वारा खारिज कर दिया जाता है। चार्ट और डेटा के लिए यहाँ क्लिक करें।

जब NLRB की जाँच में आरोप का समर्थन करने के लिए पर्याप्त सबूत मिलते हैं, तो पक्षों के बीच समझौते को सुगम बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाता है। यदि किसी उचित मामले में कोई समझौता नहीं हो पाता है, तो एजेंसी एक शिकायत जारी करती है। शिकायतों में नियोक्ताओं के खिलाफ आम आरोपों में कर्मचारियों के खिलाफ उनकी यूनियन गतिविधि के लिए धमकी, पूछताछ और गैरकानूनी अनुशासनात्मक कार्यवाई करना; संघीकरण को हतोत्साहित करने के लिए लाभ देने का वादा करना शामिल है; और, सामूहिक सौदेबाजी संबंधों के संदर्भ में, जानकारी प्रदान करने से इंकार करना, सौदेबाजी से इंकार करना, और मान्यता वापस लेना शामिल है। यूनियनों के खिलाफ आम आरोपों में किसी कर्मचारी का प्रतिनिधित्व करने में विफलता और सद्भावना के साथ सौदेबाजी करने में विफलता शामिल है।

किसी शिकायत के जारी होने पर एक NLRB एडमिनिस्ट्रेटिव लॉ जज के समक्ष सुनवाई होती है (अलावा इस बात के कि कोई समझौता हुआ हो)। किसी शिकायत के जारी करने के बाद, NLRB समझौता चर्चाओं और बोर्ड प्रक्रिया के दौरान आरोप लगाने वाले पक्ष का प्रतिनिधि बन जाता है। बोर्ड के वकील सामग्री इकट्ठा करने और उसे तैयार करने में मदद करते हैं, और पक्षों को मामले के घटनाक्रम से अवगत कराते रहते हैं।

किसी नियोक्ता या यूनियन के लिए आरोप फ़ाइल करने या NLRB की जाँच या कार्यवाहियों में भाग लेने के लिए कर्मचारियों के खिलाफ प्रतिशोध करना गैरकानूनी है।

**उपाय**

अपने अधिनियम के तहत, NLRB दंड का आकलन नहीं कर सकता है। एजेंसी प्रतिपूर्ति उपायों की माँग कर सकती है, जैसे कि बर्खास्त किए गए कामगारों के लिए बहाली और पिछला भुगतान, और सूचनात्मक उपाय, जैसे कि नियोक्ता द्वारा कानून का उल्लंघन न करने का वादा करने वाला कोई नोटिस पोस्ट करना।

**अस्थायी निषेधाज्ञा**

जब मामला बोर्ड प्रक्रिया के माध्यम से आगे बढ़ता है, तो क्षेत्रीय निदेशक अधिनियम की धारा 10(j) के तहत, जहाँ अधिकारों का उल्लंघन हुआ है, वहाँ यथास्थिति बहाल करने के लिए अस्थायी निषेधाज्ञा आदेश के लिए उपयुक्त

अमेरिकी जिला अदालत में याचिका फ़ाइस कर सकते हैं। जनरल काउंसेल को पहले याचिका को मंज़ूरी देनी होगी और बोर्ड को इसे अधिकृत करना होगा। यदि अदालत द्वारा अनुमति दी जाती है, तो अन्य बातों के अलावा, निषेधाज्ञा के लिए किसी पार्टी को सौदेबाजी पर लौटने, या गैरकानूनी रूप से बर्खास्त किए गए कर्मचारियों को बहाल करने, या यूनियन नौकरियों के गैरकानूनी उपठेकेदारी को रोकने की आवश्यकता हो सकती है। 10(j) निषेधाज्ञा गतिविधि की सूची देखने के लिए यहां क्लिक करें, और 10(j) गतिविधि का नक्शा यहां देखें।

**अपील कार्यालय**

किसी आरोप को खारिज करने के निर्णय उसके खारिज होने के दो सप्ताह के भीतर वॉशिंगटन डी.सी. के अपील कार्यालय में अपील की जा सकती है। कार्यालय एक साल में लगभग 2000 मामलों को संभालता है। मामले के सभी दस्तावेजों की समीक्षा करने के लिए हर अपील को किसी वकील और पर्यवेक्षक को सौंपा जाता है, जिसमें आरोप लगाने वाले पक्ष द्वारा सबमिट की गई नई जानकारी भी शामिल है। वे सभी मामले जिनमें क्षेत्रीय निदेशक के निर्धारण को उलटने का प्रस्ताव किया गया है, उन पर निर्णय पाने के लिए जनरल काउन्सेल के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है।

महत्वपूर्ण मामलों को जनरल काउन्सेल द्वारा समीक्षा करने के लिए प्रस्तुत किया जा सकता है, भले ही सिफारिश क्षेत्रीय निर्धारण को बनाए रखने की हो। जहाँ आवश्यक हो, कार्यालय आगे की जाँच के लिए मामलों को क्षेत्रों में भी भेज सकता है। क्योंकि ऐसे निर्णयों की अदालत में समीक्षा नहीं की जा सकती, इसलिए उन पक्षों के लिए कोई और सहारा नहीं है जो मानते हैं कि आरोप को गलत तरीके से खारिज कर दिया गया है।

**और ज़्यादा जानकारी के लिए** या आरोप फ़ाइल करने में सहायता पाने के लिए, कृपया अपने नज़दीकी NLRB कार्यालय के किसी सूचना अधिकारी से संपर्क करें।